Regarding need to set up International Financial Services Centre in Mumbai-Laid

प्रो.वर्षाएकनाथगायकवाड़(मुम्बई उत्तर-मध्य) :महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जी ने मुंबई में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) स्थापित करने का वादा किया था, लेकिन यह परियोजना अब तक साकार नहीं हुई है। यूपीए सरकार के 2005 के बजट में तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने मुंबई में क्षेत्रीय वित्तीय केंद्र की योजना बनाई थी। पर्सी मिस्त्री पैनल ने मुंबई को 2020 तक वैश्विक वित्तीय केंद्र बनाने की सिफारिश की थी। बावजूद इसके, 2015 में गुजरात की गिफ्ट सिटी को देश के पहले आईएफएससी के रूप में विकसित किया गया। मुंबई, जो देश की वित्तीय राजधानी है, आईएफएससी के लिए अधिक उपयुक्त स्थान है। आईएफएससी स्थापित करने से महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, और वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र का विकास होगा। अंतर्राष्ट्रीय निवेशक और संस्थान मुंबई की ओर आकर्षित होंगे, राज्य को वैश्विक पहचान मिलेगी। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली जी ने भी दो आईएफएससी की संभावना का जिक्र किया था। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि महाराष्ट्र के आर्थिक विकास को गति दी जा सके और देश की वित्तीय क्षमता को और सशक्त बनाया जा सके।